# मेडिकल कॉलेज खुला पर प्रोफेसर चिकित्सक 20 प्रतिशत भी नहीं

## सिंगरौली मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण तो हुआ, लेकिन क्लास रूम अब भी ऑनलाइन में अटका!

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 29 अक्टूबर। जिले के बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज का सपना भले ही सितंबर के पहले सप्ताह में लोकार्पण के साथ साकार हुआ हो, लेकिन हकीकत यह है कि फिलहाल कॉलेज सिर्फ नाम का ही शुरू हुआ है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के पहले बैच के लिए 100 छात्रों ने दाखिला तो ले लिया है, मगर अभी तक नियमित कक्षाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। फिलहाल देश सहित प्रदेश के छात्रों के लिए फाउंडेशन कोर्स ही चल रहा है, वह भी ऑनलाइन मोड में।**

मेडिकल कॉलेज के डीन का कहना है कि तीन से चार दिनों में सीटे भर जाएंगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था प्रशासन करा रहा है। इस्टिमेट आ चुके हैं, बस उन्हें व्यवस्थित करके छात्रों के लिए परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।



अस्पताल में ओपीडी का काम प्रगति पर है जल्द ही 650 बेड का हॉस्पिटल शुरू हो जाएगा और लोगों को इसका लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। अस्पताल में ओपीडी का काम प्रगति पर है। हालांकि क्लास शुरू करने के लिए कहा कि जैसे ही शासन से परमिशन मिलेगा क्लास शुरू कर दिया जाएगा।

**खराब सड़कों से डीन सहित छात्र परेशान** -नौगढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण सरकार ने तो धूमधाम से कर दिया, लेकिन व्यवस्थाएं अब भी अधूरी हैं। कॉलेज में फाउंडेशन कोर्स ऑनलाइन चल रहा है, नियमित कक्षाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। अस्पताल और ओपीडी का निर्माण कार्य जारी है, फैकल्टी की भारी कमी है। सड़के बदहाल हैं, डीन सहित छात्र-छात्राएं परेशान हैं। डीन आरडी दत्ता भी मानते हैं कि कॉलेज को पूर्ण रूप से तैयार होने में अभी महीनों लगेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने श्रेय लेने की जल्दबाजी में कॉलेज का उद्घाटन तो कर दिया, लेकिन हकीकत यह है कि सिंगरौली का मेडिकल कॉलेज फिलहाल निर्माणाधीन सपनों जैसा ही है।

### 140 प्रोफेसर में सिर्फ बीस 20 उपलब्ध

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. आरडी दत्ता ने बताया कि कॉलेज को कुल 140 प्रोफेसरों की आवश्यकता है, जिनमें से फिलहाल केवल 20 प्रोफेसर ही उपलब्ध हो पाए हैं। वहीं कॉलेज को 31 ट्यूटर की जरूरत थी, जो अब उपलब्ध करवा दिए गए हैं। सीनियर रेजिडेंट की 58 स्वीकृत पदों में से 38 पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। यानी शिक्षकों की भारी कमी अभी भी कॉलेज की बड़ी चुनौती बनी हुई है। डीन श्री दत्ता का कहना है कि अगले एक से दो महीनों में कॉलेज में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएंगी। एडमिशन प्रक्रिया भी उसी समय तक पूरी हो जाएगी। इसके बाद नियमित कक्षाएं ऑफलाइन मोड में शुरू होंगी।

### अधूरी तैयारियों के बीच चल रही ऑनलाइन क्लास

कॉलेज में करीब 25 फैकल्टी सदस्य ही कार्यरत हैं और छात्रों को पढ़ाने के लिए ऑनलाइन लेक्चर एवं वर्चुअल क्लास का सहारा लिया जा रहा है। कॉलेज परिसर में निर्माण कार्य भी अभी जारी है। 600 बेड का अस्पताल और ओपीडी ब्लॉक निर्माणाधीन हैं। कुल मिलाकर सिंगरौली का मेडिकल कॉलेज फिलहाल अधूरी तैयारियों के बीच ऑनलाइन क्लास और अधूरे भवन के सहारे चल रहा है। जिले के लोगों को अब भी इंतजार है उस दिन का, जब यहां वास्तव में डॉक्टर पढ़ेंगे, मरीजों का इलाज होगा और यह मेडिकल कॉलेज सिंगरौली के स्वास्थ्य ढांचे में नई जान फूंकेगा।

# ट्रैक्टर से टकराई बाइक, साला-जीजा की मौत

## छुही गल्ला गोदाम के समीप हुआ सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 29 अक्टूबर. जिले के मझौली थाना क्षेत्र के छुही गल्ला गोदाम के पास मंगलवार रात में ट्रैक्टर से बाइक के टकराने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई।**

मृतकों की पहचान 55 वर्षीय शिवनाथ यादव पिता फक्कड़ यादव निवासी पोंड़ी तिलवारी और बालकदास यादव पिता बब्बू यादव निवासी चुवाही मझौली के रूप में हुई है। ये दोनों रिश्ते में साला-जीजा थे। एक ही बाइक पर सवार होकर चुवाही से तिलवारी की




ओर जा रहे थे। रात लगभग 9 बजे जब वे छुही गल्ला गोदाम के पास पहुंचे, तभी उनकी बाइक सड? पर आगे जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में बालकदास की मौके पर ही मौत हो गई। शिवनाथ को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

मझौली थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को आज सुबह सौंप दिया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मिले उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अक्टूबर, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किनजारापु से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की. इस मुलाकात के दौरान रीवा एयरपोर्ट से प्रारंभ होने वाली रीवा-दिल्ली और रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के शुभारंभ पर विस्तृत चर्चा हुई.**



उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में इन सेवाओं के आरंभ के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया. इन हवाई सेवाओं से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को राजधानी दिल्ली और वाणिज्यिक केंद्र इंदौर से सीधी हवाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी. इसके अलावा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को रीवा एयरपोर्ट से इन हवाई सेवाओं के शुभारंभ समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया. इस मुलाकात से रीवा और विंध्य क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है.


**पश्चिम मध्य रेल**

**"सार्वजनिक सूचना"**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक **31.10.2025** को पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा सतना-पन्ना नई रेल लाईन खण्ड पर बरेठिया-नागौद स्टेशनों के बीच तीव्र गति से **"स्पीड ट्रॉयल"** किया जायेगा, जिसके उपरांत **बरेठिया-नागौद** खंड के बीच नियमित रेल यातायात प्रारंभ हो जाएगा। कृपया ध्यान रहे कि रेलवे भूमि के अन्दर, खुले हुए समपार फाटक के अलावा, अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना भारतीय रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत गैरकानूनी है जिसमें 6 माह की जेज अथवा रू. 1000/- अथवा दोनों दण्डों का प्रावधान है। सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समपार फाटक से पार करते समय भी सभी नियमों का पालन करें एवं ऐसा तभी करें जब पार करना सुरक्षित हो और दोनों दिशाओं से ट्रेन न आ रही हो।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# रीवा से एक साथ लापता तीन लड़कियां इटारसी से दस्तयाब

## दो फोन फ्रेंड भी पकड़ाए

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अक्टूबर, रीवा के त्योंथर से एक दिन पूर्व एक साथ लापता हुई तीन नाबालिक लड़कियों को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर दस्तयाब कर लिया है. पुलिस की माने तो यह तीनों ही लड़कियां अपने फोन फ्रेंड से मिलने जा रही थी, जिन्हें मोबाइल फोन लोकेशन की मदद से न सिर्फ दस्तयाब कर लिया गया, बल्कि उनके फोन फ्रेंड को भी पकड़ा गया है, जिन्हें फिलहाल अब इटारसी से रीवा लाया जा रहा है.**

दरअसल यह मामला जिले के सोहागी थाना क्षेत्र स्थित त्योंथर पुलिस चौकी क्षेत्र का है, जहां मंगलवार को एक ही गांव से तीन नाबालिक लड़कियों के लापता होने से हड़कंप मच गया था. त्योंथर एसडीओपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला गंभीर होने के चलते लापता हुई नाबालिग लड़कियों की पता तलाश तेजी के साथ शुरू की गई और उनके मोबाइल फोन लोकेशन तलाशे गए. हालांकि उनके फोन बंद मिलने पर सही लोकेशन नहीं पाई गई, लेकिन अंतिम लोकेशन मिलने के बाद अलग-अलग टीम गठित कर लड़कियों की तलाश में भेजी गई. जिस दौरान तीनों लड़कियों को इटारसी रेलवे स्टेशन से जीआरपी की मदद से दस्तयाब किया गया, तो वही यह लड़कियां जिन फोन फ्रेंड से मिलने निकली थी वह फोन फ्रेंड भी पुलिस के हाथ जा लगे हैं. बताया जा रहा है कि लापता हुई लड़कियों में दो लड़कियां 16 साल की और एक 13 वर्ष की है. पुलिस की माने तो इन लड़कियों की फोन के माध्यम से गुजरात के नंबर में बातचीत होती थी और इन्हीं नंबर में कॉल करने के बाद यह लड़कियां अपने-अपने घरों से अचानक लापता हो गई थी. फिलहाल इन लड़कियों को दस्तयाब कर उनके फोन फ्रेंड को इटारसी से पकड़कर कर अब रीवा लाया जा रहा है.

# बगैर पंजीयन और लाइसेंस के चल रही थी पानी की फैक्ट्री

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा, फैक्ट्री को किया सील

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अक्टूबर, शहर में बगैर लायसेंस और बड़ी कम्पनियों का लेबल लगाकर पानी बेचने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है.**

संचालक फर्जी लायसेंस


हालमार्क ज्वेलरी
BIS 916
सोना, चांदी, हीरा, रत्न
श्री कृष्ण ज्वेलर्स
पता : पन्नी लाल चौक, सतना
Mob.- 9479866550


नम्बर बोतलो में डाल कर पानी की सप्लाई कर रहा था. शहर के मैदानी स्थित पैकेज ड्रिंकिंग वाटर फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने छापामार कार्यवाही की. जहा पानी की





बोतलो पर फर्जी लायसेंस बिक्री होना पाया गया. साथ ही फैक्ट्री का कोई लायसेंस नही था. कार्यवाही के दौरान पाउच और पानी की बोतल जप्त की गई और फैक्ट्री को सील कर दिया गया है. यह कार्यवाही कलेक्टर प्रतिभा पाल को मिली शिकायत के बाद की गई है.

जाँच के दौरान फैक्टरी में क्रिस्टल और एक्वा पिंक के नाम से पानी की बोतलें पांच सौ एमएल और एक लीटर में श्रीजी फूड एंड बेवरेज निर्माता कंपनी के नाम से बिक्र किए जा रहे थे इन बोतलों के ऊपर जो फर्ज़ी लाइसेंस नंबर डाला गया था वहाँ 17 अंकों का था जबकि एफएसएसएआई का लाइसेंस नंबर 14 अंकों का होता है. पानी के पाउच ऊपर निर्माता कंपनी का नाम कान्हा इंडस्ट्री एवं पता इंडिया लिखा गया था. पानी के पाउच में कंपनी का नाम एवं पता फ़र्ज़ी था भ्रामक था जिससे उपभोक्ता कंपनी के बारे में कोई जानकारी पता नहीं लगा सके. फ़ैक्ट्री का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया. जाँच के दौरान संचालक राजेश चड्ढा ने बताया कि वह पानी की बोतलें सतना की कंपनी नीर इंडस्ट्रीज़ में पैक करके मंगाता था एवं अपने स्टिकर लगाकर बाज़ार में विक्रय कर देता था. कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे एवं साबिर अली उपस्थित रहे.

### फैक्ट्री को सील किया गया : अमरीश

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमरीश दुबे ने बतायाकि कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री का कोई लायसेंस नही पाया गया. समस्त पानी की बोतलों एवं पाउच पर लेबलिंग अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने से जब्त कर लिया गया है एवं फ़ैक्टरी में अवैधानिक परिस्थितियों में निर्माण विक्रय करते पाए जाने से फ़ैक्ट्री को सील किया गया है.


**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

| Sr. No. | Title and Tender ID No | Bid Due Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|
| 01 | CC rigid pavement work (2025_ASCDC_1235153_1) | 05 Nov. 2025 5.00 p.m. | 6 Nov. 2025 5.00 p.m. |
| 02 | Supply of soil (2025_ASCDC_1235066_1) | | |

The tender document can be download from **https://www.mahatenders.gov.in**

**Sd/-**
**Chief Executive Officer**
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited



**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**

**आर-23, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स के पास, जोन-1 एम.पी. नगर, भोपाल-462011**
**दूरभाष : 0755-2552663, 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in**

**निविदा सूचना**

म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल हेतु कम्प्यूटर एवं अन्य हार्डवेयर (ऑल-इन-वन कम्प्यूटर, प्रिंटर,स्कैनर, लैपटॉप, टैबलेट एवं यू.पी.एस.) आदि सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से ई-निविदा प्रास्तव ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **'https://mptenders.gov.in'** के माध्यम से दिनांक 29.10.2025 को दोपहर 03:00 बजे से दिनांक 11.11.2025 की शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदा प्रस्ताव दिनांक 12.11.2025 को शाम 04:00 बजे खोले जावेंगे। ई-निविदा की **Tender Id 2025_MPBCW_459626_1** एवं Tender Reference Number **MPBOC/Ten/02/10/2025/2522** द्वारा विवरण, प्रपत्र एवं शर्तें **'https://mptenders.gov.in'** पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

म.प्र. माध्यम/122736/2025 **सहायक सचिव**


# बिहटा में रखवाली कर रहे मजदूर की नहर में गिरने से मौत

▸ परिजनों ने खेत मालिक और निर्माण कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**सतना 29 अक्टूबर. धान के खेत की रखवाली कर रहे मजदूर की निर्माणाधीन नहर की पुलिया में गिरने से मौत हो गई. घटना से आक्रोशित परिजनों ने मजदूर की मौत के लिए खेत के मालिक और नहर निर्माण कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की. इस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.**



नागौद उचेहरा मार्ग पर बिहटा गांव के निवासी फूलचंद्र उर्फ फुल्लू कोल पिता रामकिशोर उम्र 52 वर्ष हर रोज की तरह मंगलवार की रात धान के खेत की रखवाली करने के लिए निकले थे. फूलचंद्र गांव के ही निवासी सरफराज अहमद के खेत ममें पिछले 20 वर्ष से मजदूरी कर रहे थे. रात में काफी देर हो जाने के बावजूद भी जब फूलचंद्र वापस घर लौटकर नहीं आए तो परिजन चिंतित होने लगे. सुबह होते ही परिजनों ने फूलचंद्र की खोजबीन शुरु की. खोजते हुए परिजन जैसे ही निर्माणाधीन नहर की पुलिया के निकट पहुंचे तो नीचे पानी में फूलचंद्र का सिर दिखाई दिया. लिहाजा फौरन ही घटना की सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची उचेहरा पुलिस ने ग्रमीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आस पास के क्षेत्र के लोग काफी संख्या में वहां एकत्र होने लगे.

### शव ले जाने से रोका

घटना से आक्रोशित परिजन और स्थानीय रहवासियों ने फूलचंद्र की मौत का जिम्मेदार खेत के मालिक और नहर निर्माण कंपनी को ठहराते हुए कार्रवाई की मांग शुरु कर दी. ग्रामीणों के अनुसार नहर बनाने वाली कंपनी के द्वारा हाल ही में पुलिया की बारी तोड़ दी गई थी. जिसकी जानकारी फूलचंद्र को नहीं होने के कारण वे पुलिया से नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई. आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर शव डेढ़ घंटे तक वहीं पर रोके रखा. उचित मुआवजा और कार्रवाई संबंधी आश्वासन मिलने के बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने को राजी हुए.


**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई - 400088, संपर्क विवरण: टेलीफोन : 91-22- 42372489/490
ईमेल : administration@iipsindia.ac.in; वेबसाइट : www.iipsindia.co.in

**निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर के पद हेतु आवेदन आमंत्रित**
**विज्ञापन संख्याः आईआईपीएस/नियु.नि.एवं व.प्रो./02/2025**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई, निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन के साथ प्रमाणपत्र/प्रशंसापत्र आदि की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न कर **"श्री अमृत लाल जांगिड़, निदेशक (सांख्यिकी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, कक्ष संख्या 317, तीसरी मंजिल, आईआरसीएस भवन, रेड क्रॉस रोड, नई दिल्ली - 110001"** को प्रेषित करें। विस्तृत जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट देखें: **www.iipsindia.ac.in**
**निर्धारित प्रारूप में आवेदन भेजने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से चार सप्ताह के भीतर है।**
निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार)
अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई.


# बड़बारा में उल्टी-दस्त से एक की मौत, एक गम्भीर

## विधायक ने की जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 अक्टूबर. देवेंद्रनगर विकासखंड के ग्राम बड़बारा में फैली उल्टी-दस्त के चलते एक वृद्ध चंदू नामदेव की मृत्यु कार्डियक अटैक से हुई, जबकि दूसरे मरीज का उपचार कार्डियक अटैक के लिए जारी है।**

दोनों ही मरीजों की प्रारंभिक स्थिति उल्टी-दस्त की शिकायत से शुरू हुई थी, जिसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग इस मामले को सामान्य घटना न मानते हुए जिला चिकित्सालय से एक विशेष चिकित्सा दल भेजने की मांग की गई है, जो गांव पहुंचकर पूरे प्रकरण की गहराई से जांच करे। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश वर्मा को जब स्थिति की जानकारी दी गई, तो उन्होंने भोपाल से ही जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जांच की मांग की. आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सक दल तत्काल भेजा जाए। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें, उबला हुआ पानी पिएं और किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।गांव की स्थिति सामान्य है, परंतु प्रशासनिक जांच और स्वास्थ्य निगरानी तब तक जारी रहनी चाहिए जब तक हर घर पूरी तरह सुरक्षित और निश्चिंत न हो जाए।

### भर्ती शिविर आज रामनगर में

**सतना 29 अक्टूबर** 2025/शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक सतना एवं मैहर जिले में स्थित समस्त आईटीआई में पीएसएफ सर्विस हैदराबाद सुरक्षा जवान भर्ती शिविर का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

# एकादशी पर चित्रकूट के घाट 1 लाख 11 हजार 111 दीपों से होंगे जगमग

नवभारत न्यूज

**सतना 29 अक्टूबर. देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन अवसर पर 1 नवंबर 2025 को दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जाएगा।**

श्रीरामचंद्र, माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की महाआरती, दीप आराधना एवं भक्ति गायन का आनंद ले सकेंगे। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित एवं जिला प्रशासन अनूपपुर, सतना, पन्ना, कटनी, उमरिया, मैहर, नर्मदापुरम के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सतना जिले में श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन सतना के सहयोग से चित्रकूट के मां मंदाकिनी घाट पर राघव प्रयाग घाट में 1 नवम्बर 2025 को सायं 6.30 बजे से देव प्रबोधनी एकादशी के उपलक्ष्य में दीपोत्सव पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मां मंदाकिनी के पुण्य तट पर 1 लाख 11 हजार 111 दीप प्रज्जवलित कर दीप आराधना की जायेगी.

# छुहिया घाटी में बड़ा हादसा टला, बाल-बाल बचे यात्री

नवभारत न्यूज

**सीधी, 29 अक्टूबर. जिले की छुहिया घाटी में बुधवार को बड़ा सड़क हादसा टल गया।**

रीवा से रामपुर नैकिन जा रही तिवारी कंपनी की बस बेकाबू होकर खाई में गिरने से बाल-बाल बची और बस में सवार 29 यात्रियों में पांच यात्री मामूली रूप से घायल हुए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में घाटी के ढलान पर उतर रही थी। इसी दौरान चालक का नियंत्रण



बिगड़ गया और बस खाई की ओर लुढ़कने लगी। लेकिन सड़क किनारे खड़े एक सागौन के पेड़ ने बस को थाम लिया। पेड़ से टकराकर बस खाई में गिरने से रुक गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ग्रामीणों ने बताया कि यदि पेड़ न होता तो बस सीधे गहरी खाई में जा सकती थी और बड़ा जनहानि की आशंका थी। हादसे के बाद स्थानीय लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। स्वास्थ्य अधिकारी राघवेंद्र मिश्रा ने बताया कि घायलों को सिर और आंख में हल्की चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है। रामपुर नैकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि बस नियंत्रण खोने के बाद सड़क किनारे झुक गई थी, लेकिन चालक ने समय रहते ब्रेक लगाकर बस को संभाल लिया। उन्होंने कहा कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और चालक को आगे से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की हिदायत दी गई है।


**आवश्यकता है केयर टेकर की**

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

**कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.**
**12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-**
**संपर्क करें**
**9826461065**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99